हत्या के बाद आरोपी ने घर व्यवस्थित किया और रजनी की स्कूटी लेकर निकला। बाद में कार से सुजल को घुमाने के बहाने अंबिकापुर ⏭शेष पेज 6 पर

लोन के रुपये बने हत्या की वजह

जांच में पता चला कि आरोपी प्रवेश कुमार की पत्नी और रजनी एक ही स्कूल में शिक्षिका थीं। इसी वजह से आरोपी का रजनी के घर आना-जाना था। आरोपी ने मोटर पार्ट्स व्यवसाय के लिए 20 लाख रुपये का लोन लिया था। उसे पता था कि रजनी को भी 19 लाख रुपये का लोन मिलने वाला है। रुपये खाते में आने की जानकारी मिलने पर उसने हत्या की ⏭शेष पेज 6 पर

एनएच-53 में बड़ा हादसा

सामने चल रहे ट्रक में घुसी कार, बच्ची सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/झलप

शादी समारोह में शामिल होकर घर की ओर लौट रहे परिवार की कार नेशनल हाईवे 53 में हादसे का शिकार हो गई। ओवरटेक करने के फेर में कार बावनकेरा चौक के पास सामने चल रहे वाहन से जा टकराई। वाहन में सवार 5 लोगों में से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, एक बालिका ने अस्पताल ले जाए जाने के दौरान ⏭शेष पेज 6 पर



कार के परखच्चे उड़े

टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में सना खान (26 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। तस्मिया खान पिता अमीन खान (16 वर्ष) को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में मौत हो गई। हादसे में कार में सवार अन्य तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में से आर्य खान (22 वर्ष) और उजमा खान (35 वर्ष) को महासमुंद जिला ⏭शेष पेज 6 पर

शवों के टुकड़े उड़कर बाहर गिरे, पटाखा बनाते समय विस्फोट, सात की हुई मौत

सीवान। बिहार के सीवान जिले में शुक्रवार को पटाखों में आग लगने से एक मकान में भीषण विस्फोट हो गया। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में शाम साढ़े 5 बजे हुए हादसे में करीब सात लोगों की मौत हो गई। विस्फोट इतना तेज था कि मकान के अगले हिस्से का मलबा सड़क पर जा गिरा। शवों के टुकड़े उड़कर बाहर सड़क पर आ गिरे। मृतकों में एक ही परिवार के पांच लोग पटाखा कारोबारी अमीरुद्दीन, इनकी तीन पोतियां, एक पोता के अलावा दो मजदूर शामिल हैं।



रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स ने रचा इतिहास

1 करोड़ आवेदन पाने वाला दुनिया का पहला आईपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ निवेशकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। शुक्रवार इसकी बोली प्रक्रिया खत्म होने से पहले ही आवेदन की संख्या 1 करोड़ के पार पहुंच गई। निवेशकों की इस भारी दिलचस्पी के चलते कंपनी का आईपीओ वैश्विक स्तर पर नया रिकॉर्ड बनाने में सफल हुआ है। इसके अलावा, इश्यू को मिलने वाली कुल मांग भी 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। जियो ⏭शेष पेज 6 पर

- 18 गुना से ज्यादा बोलियां मिलीं, 20% से ज्यादा का मिल सकता है रिटर्न

1377 रुपए पर हो सकती है शेयरों की लिस्टिंग

लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 23% यानी 258 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी जीएमपी के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 1,119 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (1119+258=1377) 1377 पर हो सकती है।



4 लाख करोड़ से ज्यादा की बोलियां

जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ को कुल 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बोलियां मिलीं। इसमें एंकर निवेशकों की मांग करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये रही। शुक्रवार दोपहर तक आईपीओ कुल 7.93 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। योग्य संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 16.87 गुना और गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 10.90 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। खुदरा निवेशकों का हिस्सा भी 2.23 गुना सब्सक्राइब हुआ, जो इसमें उनकी मजबूत भागीदारी दिखाता है।

28 अक्टूबर को शेयर बाजार में लिस्टिंग की उम्मीद

जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ के लिए प्रति शेयर कीमत 1,065 से 1,119 रुपये तय की गई है। कंपनी इस इश्यू के जरिए करीब 30,213 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। ग्रे मार्केट में इसके शेयरों का प्रीमियम 254 रुपये बताया गया, जिससे करीब 22.7 फीसदी संभावित लिस्टिंग लाभ का संकेत मिलता है। हालांकि, यह अनौपचारिक अनुमान है और वास्तविक लाभ की गारंटी नहीं है।

पहले दिन 3 गुना से ज्यादा भरा था इश्यू

आईपीओ पहले दिन यानी 21 अक्टूबर को ही 3.02 गुना भर गया था। 19.75 करोड़ शेयरों के बदले 59.68 करोड़ शेयरों की मांग आई थी। दूसरे दिन की शुरुआत में संस्थागत निवेशकों की भारी बिडिंग की वजह से यह आंकड़ा 3.50 गुना के पार पहुंच गया। जियो के एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 है। आम निवेशक को शेयर खरीदने के लिए कम से कम 13,428 लगाने होंगे, जबकि अधिकतम 14 लॉट यानी 168 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए 1.87 लाख रुपए लगेंगे।

दर्जनभर से ज्यादा सार्वजनिक स्थानों पर बनाए जा रहे आकांक्षी शौचालय, 2 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की जनता को सार्वजनिक स्थलों पर सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा दिलाने रायपुर नगर निगम 13 जगहों पर आकांक्षी शौचालय बनवा रहा है। इसमें 10 जगहों पर 10 सीटर और 3 जगहों पर 6 सीटर आकांक्षी शौचालय बनाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए रायपुर नगर निगम को 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। स्वच्छ भारत मिशन-2 के तहत आकांक्षी शौचालय का निर्माण कराने ऑनलाइन टेंडर कर दो एर्जेसियों के साथ अनुबंध कर वर्कआर्डर दिया गया है। संबंधित एर्जेसियों ने चिन्हांकित जगहों पर शौचालय निर्माण का कार्य प्रमुखता से शुरू कराया है। महानगर की तर्ज पर अब रायपुर में भी सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नागरिक सुविधाओं का विस्तार करने 13 स्थानों पर सर्व सुविधा युक्त आकांक्षी शौचालय का निर्माण हो रहा है, जिसमें महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, नैपकिन वेंडिंग मशीन, आटोमैटिक सोप डिस्पेंसर के साथ लोगों के लिए हाथ सुखाने वाली मशीन तथा सेंसरयुक्त यूरिनल स्पेस रहेगा। नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शाखा ने आकांक्षी शौचालय निर्माण के लिए शहर में दर्जनभर से ज्यादा लोकेशन चयनित कर कार्य आदेश पहले ही जारी कर दिया है।

10 स्थानों पर 10 सीटर और 3 स्थानों पर 6 सीटर आकांक्षी शौचालय



इन स्थानों पर आकांक्षी शौचालय

- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - आमापारा स्थित मंगल बाजार
- शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड - कारी तालाब के पास आमापारा
- महामाया मंदिर वार्ड - दूधाधारी मठ के पास
- पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड - रविवि परिसर स्थित बंजारी मंदिर के पास
- स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड- बूढ़ातालाब के पास
- पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड - कलेक्टोरेट परिसर के पास
- मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड - निगम मुख्यालय गांधी सदन के सामने
- महामाया मंदिर वार्ड - पुरानी बस्ती महामाया मंदिर के पास
- डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड - मारवाड़ी श्मशान घाट के पास
- स्वामी आत्मानंद वार्ड - जीई रोड सेंट्रल लाईब्रेरी के पास
- रानी दुर्गावती वार्ड - राम मंदिर के पास
- लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड - आदर्श नगर बैरनबाजार के पास

दवाओं का उपयोग नशे की खातिर, 11 दवा दुकानों में दबिश, 4 को नोटिस

दुकानों में हिसाब-किताब नहीं मिला, एनसीबी-एफडीए की संयुक्त जांच

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नशे के लिए दवाओं का दुरुपयोग कम नहीं हो रहा है और इसमें दवा विक्रेताओं की भूमिका भी संदिग्ध है। बिना पर्ची प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। जांच टीम रायपुर जिले की 11 दुकानों तक पहुंची और लापरवाही पर 4 को नोटिस थमाकर जवाब मांगा है।

संयुक्त टीम ने राजधानी के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में जाकर जांच की। इस दौरान भनपुरी के सर मेडिकल, कोटा के श्री राम मेडिकल, संतोषी नगर के लक्ष्मी मेडिकल शॉप तथा कुकरबेड़ा के मां लक्ष्मी मेडिकल की जांच में दवाओं की खरीदी-बिक्री में लापरवाही पाई। इस मामले में चारों फर्मों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

दवा दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में औषधियों के क्रय-विक्रय एवं स्टॉक से संबंधित अभिलेखों को अद्यतन रखें, केवल वैध स्त्रोतों से औषधियों का क्रय करें तथा लागू अधिनियमों, नियमों एवं लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला रायपुर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि औषधियों के अवैध क्रय-विक्रय एवं दुरुपयोग की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के समन्वय से निरीक्षण एवं निगरानी की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी। आज की कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से औषधि निरीक्षक डॉ. सुरेश कुमार साहू, ईश्वरी नारायण सिंह, लक्ष्मी वर्मा, हंसा साहू एवं ओम प्रकाश यादव शामिल रहे।



शासन के बल्क परचेस निर्णय का असर, संस्थाओं ने खरीदे 226 आवास

दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, रायगढ़, नवा रायपुर और आरंग में लगभग 42.17 करोड़ के आवास बिके

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवासीय योजनाओं को अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और जनहितैषी बनाने लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के लंबे समय से रिक्त आवासों के विक्रय के लिए बल्क परचेस की अनुमति दिए जाने से प्रदेश में आवासीय संपत्तियों के विक्रय को नई गति मिली है। इस निर्णय के फलस्वरूप विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थाओं द्वारा अपने कर्मचारियों की आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़ी संख्या में मकानों की खरीदी की जा रही है। छह शहरों में 226 आवासों का विक्रय, लगभग 42.17 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है।

वित्त एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में मंडल द्वारा निर्मित आवासों के बेहतर उपयोग, रिक्त संपत्तियों के विक्रय और आवासीय परिसरों में बसाहट बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बल्क परचेस की व्यवस्था से जहां लंबे समय से खाली पड़े भवनों का उपयोग सुनिश्चित हो रहा है, वहीं मंडल को राजस्व प्राप्त होने के साथ आवासीय परिसरों में नागरिक सुविधाओं और रखरखाव की व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की संभावना है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा संचालित विभिन्न आवासीय योजनाओं के अंतर्गत अब तक दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, रायगढ़, नवा रायपुर अटल नगर एवं आरंग में संस्थागत खरीदी के माध्यम से कुल 226 आवासों का विक्रय किया गया है। इन आवासों का कुल मूल्य लगभग 42.17 करोड़ रुपये है।

राज्य मंत्रिपरिषद के ऐतिहासिक निर्णय से खुला रास्ता

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर- 16, 30 एवं 34 में प्रधानमंत्री सह-मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय वर्ग के लिए बड़ी संख्या में आवासों का निर्माण किया गया है। योजना के प्रथम चरण में कुल 6,296 भवनों का क्रियान्वयन किया गया था। इन आवासों के विक्रय के लिए समय-समय पर विज्ञापन जारी किए जाने के बावजूद कुछ भवन लंबे समय तक अविक्रित रहे।

त्योहारी सीजन में कम हो गए सोने-चांदी के दाम, फिर भी बीते साल से ज्यादा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



नवरात्रि से ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि त्योहारी सीजन में सोने और चांदी के दाम लगातार कम हो रहे हैं। अब तो सोना डेढ़ लाख से भी कम हो गया है। चांदी के दाम दो लाख से ज्यादा हैं। भले इस समय सोने और चांदी के दाम कम हैं, लेकिन ये बीते साल से ज्यादा ही हैं। सोने और चांदी के दाम लगातार रिकार्ड बना रहे हैं, इतिहास में पहले कभी एक दी दिन में इतने दाम कम ज्यादा नहीं हुए हैं, जितने इस साल हुए हैं। चांदी ने तो इस साल चार लाख के पार जाने का भी रिकार्ड बनाया, लेकिन अब इसके दाम बहुत कम हो गए हैं।

बीते साल के त्योहारी सीजन की बात करें तो बीते साल अक्टूबर में धनतेरस पड़ी थी। एक अक्टूबर को जहां सोने के दाम 120700 रुपए थे, वहीं चांदी के दाम 149700 रुपए थे। धनतेरस के दिन सोने की कीमत 132300 और चांदी के दाम 172000 हो गई थी। अब धनतेरस से तुलना करें तो इस समय सोने की कीमत 147100 रुपए है। यानी सोने के दाम इस समय 14800 रुपए ज्यादा हैं। इसी तरह से चांदी की बात करें तो चांदी के दाम इस समय 205100 रुपए हैं। चांदी के दाम 34100 ज्यादा हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि ईरान-अमेरिका तनाव से जुड़े घटनाक्रम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, डॉलर सूचकांक में मजबूती और भारतीय रुपए में मजबूती का असर सोने और चांदी की पर पड़ रहा है। अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज बढ़ने से निवेशकों का रुझान सोने के बजाये बॉन्ड की ओर बढ़ा है। वहीं, डॉलर की मजबूती से सोना-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। भारतीय रुपए में मजबूती आने से आयात की लागत भी कम हुई है, जिसका असर घरेलू बाजार में दिखाई दे रहा है।

धर्म परिवर्तन करने जीजा पर दबाव, इनकार पर मारपीट

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह में जबरिया धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला सामने आया है। धर्म परिवर्तन नहीं करने पर पीड़ित के साथ उसकी साली तथा एक अन्य महिला पर मारपीट करने का आरोप है। पीड़ित पेशे से सब्जी बेचने का काम करता है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महात्मा गांधी नगर निवासी नेमीचंद साहू की शिकायत पर पुलिस ने उसकी साली दुलारी साहू तथा विशाखा मसीह को गिरफ्तार किया है। उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी साली विशाखा के संपर्क में आकर छह माह पूर्व धर्म परिवर्तन किया है। धर्म परिवर्तन करने के बाद प्रार्थी की साली ने अपनी दीदी तथा उसकी नाबालिग बेटी को झांसे में लेकर धर्म परिवार्तन करा लिया। पत्नी तथा बेटी को धर्म परिवर्तन कराने के बाद आरोपी महिलाओं ने नेमीचंद तथा उसके 16 साल के नाबालिग बेटे पर धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाया। आरोपी महिलाएं प्रार्थी के विरोध के बाद भी उसकी पत्नी तथा बेटी को हर रविवार अपने साथ जबरन प्रार्थना करने ले जाने लगे। इस बात को लेकर उनके बीच आए दिन विवाद होता रहता था। प्रार्थना सभा में शामिल होने की बात को लेकर तीन दिन पूर्व आरोपी महिलाओं ने पीड़ित के साथ मारपीट की। इस बात से आहत होकर वह दोनों महिलाओं के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।

नाले में मिली युवक की लाश

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर शराब भट्ठी के पास बुधवार को नाले में एक युवक का शव मिला है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह भी स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि मामला हादसे का है या कोई दूसरा। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़
स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर

क्रमांक / ESTB-101(3)/30/2026-DHS/
नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक //2026

सूचना पत्र

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. के पत्र दिनांक 09.10.2026 के द्वारा संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/पुरुष, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, वार्ड आया एवं वार्ड ब्वॉय का जारी अंतिम चयन परिणाम /सूची के आधार पर पदस्थापना हेतु दिनांक 12.10.2026 से 20.10.2026 तक ऑनलाईन कांउसलिंग राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर (छ.ग.) के माध्यम से किये जाने हेतु सूचना पत्र का प्रकाशन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से किया गया है।

ऑनलाईन काउंसलिंग उपरांत पदस्थापना Allotment सूची निम्नानुसार जारी की जाती है:-

* स्टाफ नर्स के अभ्यर्थी की संख्या-208, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के अभ्यर्थी की संख्या-95, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के अभ्यर्थी की संख्या-94, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के अभ्यर्थी की संख्या-25, वार्ड ब्वॉय के अभ्यर्थी की संख्या 50 एवं वार्ड आया के अभ्यर्थी की संख्या-48 है।
* किसी अभ्यर्थी द्वारा Registration/Choice filling/Random Allotment निर्धारित समय-सारणी में नहीं किया गया है तो ऐसी स्थिति में रिक्त संस्थानों के विरूद्ध Software द्वारा Random Allotment पद्धति के अनुसार मेरिट के अधार पर पदस्थापना स्थल का Allotment किया गया है।
* अभ्यर्थी को उनके Registration/Choice filling/Random Allotment एवं मेरिट के आधार पर किये गये पदस्थापना Allotment (परिशिष्ट-अ) जारी की जाती है।
* स्टाफ नर्स के अभ्यर्थी को मेरिट एवं चॉइस के अनुसार जारी किये गये पदस्थापना स्थल से संबंधित संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से 03.11.2026 तक अपने मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना दस्तावेजों का सत्यापन करावें।
* ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया के अभ्यर्थी को मेरिट एवं चॉइस के अनुसार जारी किये गये पदस्थापना स्थल से संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से 03.11.2026 तक अपने मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना दस्तावेजों का सत्यापन करावें।
* उपरोक्त पदों के जारी विज्ञापन एवं विभागीय भर्ती नियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों के सत्यापन में किसी भी प्रकार की कमी/ त्रुटि पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त की जावेगी।

आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवायें, द्वारा अनुमोदित

संयुक्त संचालक (अविज्ञप्त/नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ

जी. 262704149/1

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

आयुष्मान योजना से हटाए गए स्वास्थ्य संचालनालय के उपसंचालक डा. गहवई निलंबित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की निगरानी वाले स्टेट नोडल एजेंसी से पंद्रह दिन पहले हटाए गए उपसंचालक डा. धर्मेन्द्र गहवई को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। शासन के इस सख्त कदम से स्वास्थ्य संचालनालय में हड़कंप मच गया है। चर्चा इस बात की भी है कि चिकित्सकीय कैडर की न्यायिक लड़ाई में शामिल होने की वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

डा. गहवई लंबे समय से स्टेट नोडल एजेंसी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पंद्रह दिन पहले उन्हें पद से हटाकर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर को यह जिम्मेदारी दी गई है। डा. गहवई को स्वास्थ्य संचालनालय में उपसंचालक के रूप में रखा गया था। दो दिन पहले सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लघंन करने के मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए राज्य शासन ने उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद स्वास्थ्य संचालनालय में हड़कंप से मच गया है, क्योंकि डा. गहवई बड़े पद के साथ जिम्मेदार अधिकारी के रूप में पहचाने जाते थे। लापरवाही बरतने पर उन पर की गई कार्रवाई को लेकर विभिन्न तरह की चर्चा है। वहीं मामले को स्वास्थ्य सेवाओं में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों की नियुक्ति से जोड़कर देखा जा रहा है। चिकित्सकीय कैडर के अधिकारों के हनन का हवाला देकर स्वास्थ्य संचालनालय के जिन उप और संयुक्त संचालकों ने न्यायालय की शरण ली है, उसमें डा. धर्मेन्द्र गहवई भी शामिल हैं। जारी आदेश में उन्हें संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर के मुख्यालय में पदस्थ रखा गया है। वहीं सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना उन्हें मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश भी दिया गया है।

डा. धर्मेन्द्र गहवई के निलंबन पर छत्तीसगढ़ इन-सर्विस डाक्टर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीडा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जाएगा। गैर-चिकित्सकीय कैडर की नियुक्तियों के खिलाफ न्यायालय से लेकर सड़क तक संघर्ष तेज करने की तैयारी। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गहवई उन याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय के चिकित्सकीय कैडर से संबंधित एडिशनल डायरेक्टर जैसे प्रशासनिक पदों पर गैर-चिकित्सकीय कैडर के अधिकारियों, विशेष रूप से एडिशनल कलेक्टर स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। एसोसिएशन को आशंका है कि यह कार्रवाई न्यायिक लड़ाई लड़ रहे चिकित्सकों पर दबाव बनाने अथवा उन्हें हतोत्साहित करने का प्रयास हो सकता है।

शब्द पहेली - 6387



बाएँ से दाए-

1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -6386 का हल



सूडोकू नवताल 6397

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल- 6396 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

MANGAL, SENACHA, BANGA, CORE

खराबी आने पर 48 घंटे के भीतर सुधारी जानी है मशीन, पर लगाए जा रहे 5 से 10 दिन

ईपॉस मशीनों के किराए पर हर साल करोड़ों खर्च, इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

खराब मशीनों को सुधारने में लेटलतीफी, मशीन के कारण हितग्राहियों-दुकानदारों के बीच होता है विवाद

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) योजना के तहत उचित मूल्य की दुकानों में किराए पर चल रही ई-पॉस मशीनों पर विभाग द्वारा हर वर्ष 20 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी कंपनी कई शर्त का पालन नहीं कर रही है। उचित मूल्य की दुकान में अगर किसी ई-पॉस मशीन में किसी प्रकार की खराबी आती है, तो शर्त-नियम के तहत कंपनी को 48 घंटे के भीतर उसे सुधारना है, जबकि धरातल पर मशीन को सुधारने में 5 से 10 दिन लगाया जा रहा है। इसके कारण इतने दिनों तक दुकानों में खाद्यान्न वितरण भी प्रभावित रहता है।

एक मशीन का 12305 रुपए प्रति माह किराया

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (सीजीएससीएससी) के लिए छत्तीसगढ़ में आधार-सक्षम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 25 अगस्त 2020 को टेंडर खोला गया था। सूत्र के अनुसार यह टेंडर पहले किसी और कंपनी को मिला था, लेकिन बाद में विजन टेक फर्म को मिला। अनुबंध की शर्तों के तहत कंपनी को हर माह प्रति ई-पॉस मशीन का 12305 रुपए का भुगतान किया जाता है। यह भुगतान पीओएस डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, रखरखाव और अन्य सेवाओं के लिए एफपीएस का किराया आरएफपी के अनुसार है। इस तरह हर साल जिन-जिन जिलों में उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण हो रहा है, उसके एवज में कंपनी को हर साल लगभग 20 से 21 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। विभाग और कंपनी के मध्यम हुए अनुबंध के तहत उचित मूल्य दुकानों में इस्तेमाल की जा रही ई-पॉस मशीन में अगर किसी प्रकार की खराब आती है, तो उसे ठीक करने की जवाबदारी कंपनी की है। इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दुकान की अगर मशीन बिगड़ती है, तो उसे किसी भी स्थित में 72 घंटे के भीतर सुधारा जाना है, वहीं अन्य क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर सुधारा जाना है। अगर किसी कारण से मशीन सुधारने में पार्ट्स की कमी या अन्य कारण से निर्धारित समय से अधिक समय लग रहा है , तो नियम के तहत उस दुकानदार को नई मशीन उपलब्ध कराना है। कंपनी इस नियम का भी पालन नहीं कर रही है। नई मशीन देने के बजाए कंपनी पुरानी मशीन को सुधारने में कभी भी 10 से 15 दिन तक लगा रहे हैं, जिसके कारण उस दुकान में खाद्यान्न वितरण ठप रहता है। समय सीमा पर खराब मशीन को नहीं सुधारे जाने से संबंधित उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं एवं हितग्राहियों के बीच विवाद का कारण भी बन रहा है। कई हितग्राही द्वारा दुकानदार के खिलाफ विभाग में शिकायत भी करते है। इस तरह की कई शिकायतें जिला खाद्य विभाग में आ चुकी है। ई-पॉस मशीन खराब होने पर कई दुकानों में कई दिनों तक वितरण बंद की शिकायतें पूर्व में आ चुकी हैं। कुछ दुकानदारों ने खराब मशीन को 8 से 10 दिन से ठीक नहीं करने की शिकायते पूर्व में की थी, जिनका तत्काल निराकरण किया गया।

कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए

अनुबंध की शर्त-नियम के तहत 48 घंटे के भीतर खराब ई-पॉस मशीन को सुधारा जाना है, लेकिन कई दुकानदारों की मशीनें सुधराने में 5 से 8 दिन लगा दिया जाता है। तब तक वितरण प्रभावित रहता है। इस मामले में कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए।

– नरेश बाफना, अध्यक्ष छग पीडीएस संघ\



दिवाली से पहले नगर सैनिकों का मिली सौगात, मानदेय अब प्रति माह 30870 मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था, अग्निशमन और आपदा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रहे स्वयंसेवी नगर सैनिकों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार ने नगर सैनिकों के मानदेय में एक बार फिर से भारी बढ़ोतरी की है। नए प्रस्ताव के अनुसार अब सैनिकों को 30870 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पूर्व सैनिकों को प्रतिमाह 19500 मानदेय मिलता था। इस तरह सैनिक को प्रति दिन 1029 रुपए की दर से मानदेय मिलेगा। गृह विभाग के नए प्रस्ताव के अनुसार मूल मानदेय 19500 रुपए प्रतिमाह था। इसके अलावा महंगाई भत्ता (58 प्रतिशत) 11310 रुपए, तथा वर्दी धुलाई भत्ता 60 रुपए है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन–देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026

हिंसक वन्यजीवों से ज्यादा खतरनाक हुए इंसान दो तेंदुआ की मौत के बाद जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

महासमुंद में ग्रामीणों के हमले से मृत तेंदुआ की पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने दिए जांच के आदेश

राज्य में मानव-वन्यजीव द्वंद्व एक गंभीर समस्या साबित हो रहा है। एक पखवाड़ा पूर्व महासमुंद के झिटकी गांव में जिस तेंदुआ ने ग्रामीणों पर हमला किया था, उस तेंदुआ के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। रेस्क्यू कर उस तेंदुआ को उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, जहां उचार के दौरान तेंदुआ की मौत हो गई। तेंदुआ की मौत ब्रेन हेमरेज से होने की बात सामने आई है।

जंगल से भटक कर आया तेंदुआ चार अक्टूबर को झिटकी गांव के एक झोपड़ीनुमा मकान में घुस गया। तेंदुआ की आहट सुनकर सो रहे लोग जाग गए। इसके बाद उन लोगों ने तेंदुआ को भगाने के लिए उसके सिर पर लाठियों से वार किया। लाठी के वार से गुस्साए तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। इस कारण एक परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तेंदुआ को उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, जहां उपचार के दौरान सात अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। उसकी उम्र छह साल के करीब और वह नर तेंदुआ था।

शरीर पर नहीं मिले कैनाइन टीथ के निशान

महासमुंद में जिस तेंदुआ ने ग्रामीणों पर अटैक किया था, उस तेंदुआ के हमले में ग्रामीणों के शरीर पर किसी तरह से कैनाइन टीथ के मार्क नहीं मिले हैं। उनके शरीर पर पंजों के निशान मिले हैं। घटना की प्रकृति तथा तेंदुए द्वारा किए गए कथित हमले की गंभीरता की वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि यह एक आकस्मिक आमना-सामना था और तेंदुए की प्रवृत्ति के अनुसार उसके दांतों के निशान क्यों नहीं थे? इसकी जांच की मांग की है। तेंदुआ की मौत की घटना को पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ओपी यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच के आदेश देने के पूर्व पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफवन्यजीवों को अकारण परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने के आदेश दिए हैं। ग्रामीणों ने तेंदुआ के रैबीज होने का आरोप लगाया था। जांच में तेंदुआ को रैबीज होने के किसी तरह से कोई प्रमाण नहीं मिला है।

धमतरी तथा कोण्डागांव के सरहदी गांव में कथित रूप से तेंदुआ के हमले से दो लोगों की मौत तथा 16 लोगों को घायल करने के आरोप में जिस तेंदुआ को ग्रामीणों ने बर्बर तरीके से उसके सिर पर टंगिया तथा लाठी से वार कर रेस्क्यू किया, उस बेदम हो चुके तेंदुआ को काबू करने ग्रामीणों ने आधा दर्जन लकड़ी के बल्ली के नीचे दबा दिया था। उस तेंदुआ को भी उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, उसकी भी मौत ब्रेन हेमरेज से 19 अक्टूबर को हो गई। जिस तेंदुआ को ग्रामीणों ने पकड़ा था, उसी तेंदुआ ने ग्रामीणों पर हमला किया था या नहीं, इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है, यूएसटीआर की टीम तेंदुआ को रेस्क्यू करने पहुंची थी। उसी दौरान ग्रामीणों ने तेंदुआ को काबू करने उस पर हमला किया था।



महिला पर टंगिया से जानलेवा हमला

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के टेकारी गांव में पुरानी रंजिश के कारण आरोपी ने घर में घुसकर महिला पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार देर रात की है। महिला अपने पति और बेटे के साथ कमरे में सो रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाला सागर वर्मा टंगिया लेकर घर में घुसा और महिला के सिर पर वार कर दिया। महिला के चिल्लाने पर पति की नींद खुल गई। इसके बाद आरोपी छत के रास्ते भाग निकला। महिला के पति नरेश वर्मा ने पुलिस को बताया है कि सागर वर्मा पहले भी शराब पीकर गाली-गलौज करता था। मना करने पर विवाद करता और रंजिश रखता था।



शाल और बैग से महिला का चेहरा ढक कर शातिरों ने उड़ाई चेन

रायपुर। त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ उठाईगिरी तथा चोरी करने वाले इंटर स्टेट गिरोह सक्रिय हो गए हैं। एक ऐसे ही प्रकरण में पिछले दिनों चार संदिग्ध महिलाओं ने एक महिला के चेहरे को शाल और बैग से ढक कर उसके गले से सोने की चेन पार दी। महिला की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गबराबारा निवासी 70 वर्षीय खैरुन निशा ने चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि वो 18 अक्टूबर को गोलबाजार थाना के पास आटो में सवार हुई। ऑटो में बैठने के बाद कुछ दूर जाने पर चार संदिग्ध महिलाओं ने बुजुर्ग महिला के चेहरे को शाल और बैग से ढक दिया। महिला फाफाडीह स्थित अपनी बेटी के घर पहुंची और गले पर हाथ फेरा, तब चेन गायब मिली। इसकी कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। शाल और बैग से चेहरा ढके जाने पर बुजुर्ग महिला ने महिलाओं से पूछा कि उन्हें शाल और बैग से क्यों ढका जा रहा है। इस पर महिलाओं ने शाल और बैग हटा लिया। इस दौरान वे लोग महिला के गले से सोने की चेन पार कर चुके थे। बुजुर्ग महिला के साथ जिस पैटर्न पर चोरी की घटना हुई है, उस पैटर्न पर महाराष्ट्र की महिला चोर गिरोह त्योहारी सीजन में चोरी करने हर साल रायपुर पहुंचते हैं। महिलाएं भीड़ वाले इलाके में अकेली महिला को टार्गेट करती हैं। राह चलते उन्हें बातों में उलझाकर या फिर चलते ऑटो में उनके साथ सवार होकर उन्हें चारों तरफ से घेरकर और ढक कर पहने हुए जेवर चोरी करने का काम करती हैं।



पीएम मोदी बोले- समाज को बांटने वाली ताकतों से निपटने के लिए एकजुट होना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा- "दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। यह ऐसी तकनीक है जो एक वास्तविक दिखने वाले 3D होलोग्राफिक डिजिटल इंसान को पेश करती है।

अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से की बात



सतर्क रहना होगा विघटनकारी तत्वों से

पीएम ने आगे कहा, हमें समाज को बांटने वाली तथा विघटनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना होगा। **चिन्मय मिशन स्थापना के 75 वर्ष** : गौरतलब है कि स्वामी चिन्मयानंद का निधन 3 अगस्त 1993 में हो गया था। चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जिसकी स्थापना 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 3 दिन का आयोजन हो रहा है। यह 25 अक्टूबर तक चलेगा।

मोदी के भाषण की विशेष विशेष बातें

पीएम मोदी ने कहा एक समय भारत से बहुत सी मूर्तियां चोरी कर विदेश ले जाई गईं। हम पिछले 12 साल में ऐसी 600 मूर्तियां वापस लाए हैं। देश अब उस राह पर आगे बढ़ रहा है, जिसका सपना हमारे ऋषियों और राष्ट्रभक्तों ने देखा था। वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं: अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं। विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एकः मोदी ने कहा- जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, जब चिन्मय मिशन भी 100 साल पूरे करेगा। यानी विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक है।

आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स यूनियन (आइसा) अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष शांति बॉण्ड भरने संबंधी पुलिस के नोटिस को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''मैं इस स्तर पर रिट याचिका खारिज कर रहा हूं।'' हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने कार्यवाही के दौरान छात्र नेता को सभी सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में एसईएम को कुछ निर्देश दिए हैं। बोरा को 16 अक्टूबर को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया था, जब वह 'कॉकरोच जनता पार्टी' (कॉजपा) के 'लहरा दो तिरंगा' मार्च में शामिल होने जा रही थीं। उन्हें 17 अक्टूबर को रिहा कर दिया गया था। फैसले की विस्तृत प्रति का इंतजार है।



चीनी मांझे से गला कटने से महिला की मौत

हुबली। कर्नाटक के हुबली शहर में दोपहिया वाहन से जा रही 38 वर्षीय महिला की गर्दन में चीनी मांझा कथित तौर पर उलझ गया और उससे गला कटने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान विद्या मंजूनाथ गौडर के रूप में हुई है। वह हुब्बली के पुराने इलाके में भारत नगर की निवासी थीं। वह एक अस्पताल में प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में काम करती थीं, घटना तब घटित हुई जब वे काम पर जा रहीं थीं। मांझा कथित तौर पर उनकी गर्दन में उलझ गया, जिससे दोपहिया वाहन पर उनका नियंत्रण छूट गया। और वह सड़क पर गिर गईं। उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

तिब्बत में भूकंप से 16 मृत, जीवितों तलाश ड्रोन से

बीजिंग/ल्हासा। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में 7.0 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 76 अन्य लोग घायल हो गए, जिसके बाद 12,000 से अधिक निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के बाद चीन ने जिंदा बचे लोगों की तलाश के लिए क्षेत्र में उपग्रह और ड्रोन तैनात किए। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 33 मिनट (स्थानीय समय) पर नागकू शहर की बाकेन काउंटी में आए भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर से भी कम गहराई पर था। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से खबर दी कि अब तक 12,489 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है।

हवाई अड्डे पर 8.38 करोड़ का गांजा बरामद

बेंगलुरु। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अलग-अलग घटनाओं में बैंकॉक से आए तीन यात्रियों के पास से 8.38 करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले मामले में बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 12.010 किलो कीमत 4.20 करोड़, दूसरे मामले में बैंकॉक से आए एक यात्री से 8.940 किलो, कीमत 3.13 करोड़ तथा तीसरे मामले में बैंकॉक से आए एक अन्य यात्री के पास से 3 किलो, कीमत 1.05 करोड़ रुपये बरामद किया

चीन के एलएसी पर गश्ती नियम तोड़ने से होता है टकराव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा पर स्थिति को लेकर भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर की टिप्पणियों के बाद विदेश मंत्रालय की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ जाती है, जब चीनी सेनाएं निर्धारित गश्ती पैटर्न से हट जाती हैं। मंत्रालय ने ये भी बताया कि दोनों पक्ष लंबित मुद्दों को सुलझाने और गलतफहमी से बचने के लिए राजनयिक और सैन्य तंत्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, दोनों पक्ष एलएसी पर लंबित मुद्दों को सुलझाने और गलतफहमी से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य तंत्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों पक्ष सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी से जुड़े इलाकों में अपनी समझ को और बेहतर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है।

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर-19 अटल नगर, नवा रायपुर दूरभाष - 0771-2512341, ई-मेल dghomeguard.cg@gmail.com

क्रमांक/700/फायर भर्ती/2026
अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 22/10/2026

फायरमेन के 117 पदों की भर्ती के अन्तिम परीक्षा परिणाम की सूचना

छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग में अग्निशमन भर्ती अन्तर्गत 117 फायरमेन पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिसके तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा/ लिखित परीक्षा/बोनस अंक के प्राप्ताकों को जोड़कर अन्तिम परीक्षा परिणाम तैयार कर जारी किया जाता है।

अन्तिम परीक्षा परिणाम वर्गवार विभाग की वेबसाईट (https://firenoc.cg. gov.in) पर उपलब्ध है। चयनित उम्मीदवार चिकित्सकीय परीक्षण एवं पुलिस चरित्र सत्यापन के लिये समय-समय पर विभागीय वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

(महानिदेशक द्वारा अनुमोदित)

निदेशक
नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा SDRF मुख्यालय सेक्टर-19 नवा रायपुर छत्तीसगढ

जी. 262704171/1

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)

NIT NO: 315 /Yojna/RMC/2026 RAIPUR DATED: 16.10.2026

Online bids are invited for the following works of works up to **12/11/2026** at 17:30 hours.

Sr. No	System Tender No.	Name of work	Probable Amount of Contract	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor / firm	Time allowed for Completion
1	202375	Construction of 4500KL/25 M Staging Height RCC Over Head Tank, Providing, Lowering, Laying, Jointing and testing Clear water Pumping, Providing, Lowering, Laying, Jointing & Testing Distribution system with House Service Connection & PLC/SCADA at SADDU AREA, Raipur.	₹ 2911.25 Lakhs (Form-A)	₹ 3000.00 (Rupees Three Thousand only)	₹ 5.00 Lakhs (Rupees Five Lacs only	Class "A"	24 Months including Monsoon & 3 Months Trail Run

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **21.10.2026, 17:30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. **18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.
4. Mobile number - 8878161768

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

EXECUTIVE ENGINEER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र .931/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 मुंगेली, दिनांक 23/10/2026

चतुर्थ मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत कॉलम नं. 6 में वर्णित एस.ओ.आर. दर अनुसूची से कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में समस्त कर सहित दिनांक 03.11.2026 समय सायं 4:00 बजे तक रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	अवधि	एस.ओ.आर. विवरण
1	वार्ड क्र. 07 राहुल देवांगन के घर से शिव मंदिर सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली तक निर्माण/नवीनीकरण कार्य	2.08	2080	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
2	वार्ड क्र. 08 अगमन आटो पार्टस से विद्यावाशिनी सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण/नवीनीकरण कार्य	1.47	2000	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
3	वार्ड क्र. 14 में गुणवंत सोलंकी से देवांगन के घर एवं भवन सिंह के घर से महेन्द्र शर्मा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	4.27	4270	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
4	वार्ड क्र. 14 रामविलाश सिंह के घर से सोम उपाध्याय के घर एवं अमुल एजेंसी के सामने रमेश बघेल के घर से कुंजराम कुम्भकार घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	6.39	4795	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
5	वार्ड क्र. 14 कृष्ण कुमार केशरवानी घर से जगदीश देवांगन घर तक सी.सी. सड़क रिनिवल एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	2.08	2080	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
6	वार्ड क्र. 14 रजक निवास घर से महेन्द्र सिंह परिहार के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	6.35	4765	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
7	वार्ड क्र. 16 कलिम तंवर के घर से इंदिरा डाहिरे के घर तक, शालनी पेंडारकर के घर से जनक महिलांग के घर तक, बघेल डॉक्टर से मनोज राय के घर तक, जीतू मसीह के घर से मेन रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं कीया यादव के घर के सामने, लाला किराना के पास पुलिया निर्माण कार्य।	8.88	6660	03 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
8	वार्ड क्र. 19 में एहसान के घर से साकेत इलेक्ट्रिकल से होते हुए उपलेटा के घर, साहू भवन से राजिघर घर से होते हुए संतोष यादव के घर, हिमांशु मिश्रा के घर से कौशल क्षत्रिय घर, कौशल क्षत्रिय घर से महेश सिंह ठाकुर घर, मोर्डन घर से भूरे घर, वीरेंद्र जायसवाल के घर से मिलाद खान के घर और अज्जू खान के घर से बसीर किराना दुकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	8.29	6220	03 माह	cg pwd Road sor 01.01.2025

टीप :-1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. स.क्र. 2, कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 300.00 रू. एवं शेष कार्य हेतु 750.00 रू. डी.डी. के माध्यम से सीलबंद लिफाफे में पृथक-पृथक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 3. विस्तृत नियम एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट cg.uad.gov.in/ में देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर व दर भर कर वांछित समस्त दस्तावेजो के साथ निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

C/PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

क्र./का.यं./नगर सभाग-1/ विज्ञापन 2605 बिलासपुर, दिनाँक 23.10.2026

नगर संभाग - एक (पूर्व) छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. बिलासपुर के तोरवा जोन अंतर्गत समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण कार्य एवं रख-रखाव का कार्य किये जाने हेतु निचे दर्शाये गये निम्नलिखित फीडरो की विद्युत आपूर्ति प्रातः 11:00 बजे से लेकर दोपहर 03:00 बजे तक बंद रहेगी, आवश्यकतानुसार समय परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिये खेद है।

क्रमांक	जोन का नाम	11 के.व्ही. फीडर	दिनांक	प्रभावित क्षेत्र
1	तोरवा जोन	11 के.व्ही. तहसीलदार गली	24.10.2026 शनिवार	तहसीलदार गली, नारायणी टावर, दुर्गा पंडाल, हेमुनगर आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
2	तोरवा जोन	11 के.व्ही. दयालबंद	26.10.2026 सोमवार	मछली पसरा, साई भूमि, निभा मित्रा हॉस्पिटल, कासिमपारा, गुरूनानक चौक, पेंडलवार हॉस्पिटल, जगमल चौक, संतोषी मंदिर, आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
3	तोरवा जोन	11 के.व्ही. हेमुनगर	27.10.2026 मंगलवार	हेमुनगर, तोरवा आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
4	तोरवा जोन	11 के.व्ही. तोरवा	28.10.2026 बुधवार	धानमंडी रोड, पटेल पारा, तोरवा बस्ती, साई धाम, वैशली रेजेसी, विवेकानंद नगर आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
5	तोरवा जोन	11 के.व्ही. देवरीडीह	29.10.2026 गुरूवार	देवरीडीह, संतबहनिया मंदिर, सोनुपान ठेला, रेल रेसीडेंसी
6	तोरवा जोन	11 के.व्ही. शंकर नगर	30.10.2026 शुक्रवार	हेमुनगर, शंकर नगर, बालाजी प्जाजा, मोजन बिल्डींग, हिन्दुसतान टेंट गली आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
7	तोरवा जोन	11 के.व्ही. रामा रेसीडेंसी	31.10.2026 शनिवार	रामा रेसीडेंसी, तोरवा, तोरवा से मस्तुरी रोड मे दाहिनी साईड आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
8	तोरवा जोन	11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड	02.11.2026 सोमवार	मंगल विहार, सामुदायिक स्थास्थ्य केन्द्र, खैर माता, चेकडम, बुटापारा रोड, सफेद खदान, बुटापारा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के आस पास का क्षेत्र।
9	तोरवा जोन	11 के.व्ही. विजय नगर	03.11.2026 मंगलवार	गदा चौक, अटल आवास, हासिंग बोर्ड कॉलोनी, देवरीखूर्द मेन रोड, विजय नगर, ग्रामिण बैंक के आस पास का क्षेत्र।
10	तोरवा जोन	11 के.व्ही. देवरीडीह	04.11.2026 बुधवार	देवरीडीह, संतबहनिया मंदिर, सोनुपान ठेला, रेल रेसीडेंसी
11	तोरवा जोन	11 के.व्ही. तोरवा	05.11.2026 गुरूवार	धानमंडी रोड, पटेल पारा, तोरवा बस्ती, साई धाम, वैशली रेजेसी, विवेकानंद नगर आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।
12	तोरवा जोन	11 के.व्ही. हेमुनगर	06.11.2026 शुक्रवार	हेमुनगर, तोरवा आदि फीडर से संबंधित आप-पास का क्षेत्र।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें एव समय पर बिजली बिल का भुगतान करे।

कार्यपालन यंत्री नगर संभाग एक (पूर्व)
छ.स्टे.पा.डि.कं. लि. बिलासपुर

संवाद- 49557

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

स.क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	201948 प्रथम आमंत्रण 15.10.2026	जिला सूरजपुर के विकासखण्ड ओडगी के मुख्य मार्ग चोंगा से भोड़वानीपारा होते हुए मौहारीपारा तक पहुंच मार्ग लं. 4.20 कि.मी. (वास्तविक लं. 2.20 कि.मी.) पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	518.87
